# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हरिभूमि....

दिनांक ...3.5.2019... पृष्ठ सं. ...25... कॉलम ...2-6...

### आवश्यक सुधार करके जारी किया नया संस्करण

# प्रो. केपी सिंह ने किया लेखा संहिता का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हकृवि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने आज विश्वविद्यालय के अकाउंट कोड लेखा संहिता खंड-एक के 5वें संस्करण का विमोचन किया। यह नया संस्करण 18 वर्ष बाद आवश्यक सुधार करके जारी किया गया है।

■ अन्य अध्यायों को भी सरकार के समय-समय पर जारी निर्देशों अनुसार सामयिक बनाया गया



हिसार। लेखा संहिता का विमोचन करते कुलपति प्रो. केपी सिंह। फोटो : हरिभूमि

पिछला संस्करण 2001 में प्रकाशित हुआ था। लेखा संहिता के नए संस्करण में अप्रैल 2018 तक जारी सभी संशोधनों को शामिल किया गया है। इसमें सभी प्रोफार्मा-फार्म का सरलीकरण एवं अद्यतन किया गया है और इसमें आवश्यकतानुसार कई नए अध्याय जैसे कि जीएसटी, एनपीएस इत्यादि सम्मिलित किए गए हैं। अन्य अध्यायों को भी सरकार के समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार सामयिक बनाया गया है। लेखा संहिता की समीक्षा, अद्यतन और संशोधन कार्य वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा व उप वित्त नियंत्रक श्याम सुंदर शर्मा के पर्यवेक्षण में पूर्व उप वित्त नियंत्रक डीएस गुप्ता ने किया है। इसके संकलन में शोभित कपूर, आरएस सैनी व नीलम का भी योगदान रहा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने लेखा संहिता को वर्तमान स्वरूप देने के लिए इन सभी अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा लेखा संहिता का संशोधित संस्करण सभी विभागों की वर्तमान आवश्यकताओं और कार्यों को पूरा करता है। यह सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और शिक्षकों के ज्ञान में भी इजाफा करेगा और विभागीय लेखा परीक्षा के लिए एक संदर्भ पुस्तक के रूप में उपयोगी होगा।

वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने बताया कि लेखा संहिता खण्ड-एक के नए संस्करण की प्रतियां समस्त संबंधित राजकीय विभागों एवं विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों को भेजी जाएंगी।

इसको विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा ताकि अन्य विश्वविद्यालयों इत्यादि के लोग भी इसका लाभ उठा सकें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....
दिनांक 3.5.2019 पृष्ठ सं. ....5.... कॉलम ....2-4....

# 18 वर्ष बाद कुलपति ने किया लेखा संहिता का विमोचन

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वीरवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विश्वविद्यालय के अकाउंट कोड (लेखा संहिता) खंड-1 के 5वें संस्करण का विमोचन किया। ये नया संस्करण 18 वर्ष बाद आवश्यक सुधार करके जारी किया गया है। पिछला संस्करण 2001 में प्रकाशित हुआ था। लेखा संहिता के नए संस्करण में अप्रैल 2018 तक जारी सभी संशोधनों को शामिल किया गया है।

इसमें सभी प्रोफार्मा/फार्म (निदर्शन पत्र/प्रपत्र) का सरलीकरण एवं अद्यतन किया गया है। लेखा संहिता में आवश्यकतानुसार कई नए अध्याय जैसे कि जीएसटी, एनपीएस आदि सम्मिलित किए गए हैं। अन्य अध्यायों को भी सरकार के समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार सामयिक बनाया गया है। लेखा संहिता की समीक्षा, अद्यतन और संशोधन कार्य वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा व उप वित्त नियंत्रक श्री श्याम सुंदर शर्मा के पर्यवेक्षण में भूतपूर्व उप वित्त नियंत्रक डीएस गुप्ता ने किया है। इसके संकलन में शोभित कपूर,



एचएयू की लेखा संहिता का विमोचन करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।

## साइट पर किया जाएगा अपलोड : डॉ. अतुल

वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने बताया कि लेखा संहिता खंड-एक के नए संस्करण की प्रतियां समस्त संबंधित राजकीय विभागों एवं विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों को भेजी जाएंगी। इसको विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा ताकि अन्य विश्वविद्यालयों इत्यादि के लोग भी इसका लाभ उठा सकें।

आरएस सैनी व नीलम का भी योगदान रहा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने लेखा संहिता को वर्तमान स्वरूप देने के लिए इन सभी अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लेखा संहिता का संशोधित संस्करण सभी विभागों की वर्तमान आवश्यकताओं और कार्यों को पूरा करता है और यह इन विभागों की कार्य कुशलता बढ़ाने में बहुत सार्थक साबित होगा। यह सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और शिक्षकों के ज्ञान में भी इजाफा करेगा और विभागीय लेखा परीक्षा के लिए एक संदर्भ पुस्तक के रूप में उपयोगी होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक 3-5-2019 पृष्ठ सं. ...5... कॉलम ...6-8...

# एचएयू में लेखा संहिता का 5वां संस्करण तैयार, वीसी ने किया विमोचन

**भास्कर न्यूज़ | हिसार**



एचएयू में कुलपति प्रो. केपी सिंह लेखा संहिता का विमोचन करते हुए

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने गुरुवार एचएयू के अकाउंट कोड (लेखा संहिता) खण्ड-एक के 5वें संस्करण का विमोचन किया। यह नया संस्करण 18 वर्ष के बाद आवश्यक सुधार करके जारी किया गया है। पिछला संस्करण 2001 में प्रकाशित हुआ था। लेखा संहिता के नए संस्करण में अप्रैल 2018 तक जारी सभी संशोधनों को शामिल किया गया है। इसमें सभी परफार्मा, फार्म का सरलीकरण किया गया है। इसमें आवश्यकतानुसार कई नए अध्याय जैसे कि जीएसटी, एनपीएस इत्यादि सम्मिलित किए गए हैं। अन्य अध्यायों को भी सरकार के समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार सामयिक बनाया गया है। इस कार्य को वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा व उप वित्त नियंत्रक श्याम सुंदर शर्मा, भूतपूर्व उप वित्त नियंत्रक डीएस गुप्ता ने किया है। इसके संकलन में शोभित कपूर, आरएस सैनी व नीलम का भी योगदान रहा। नए संस्करण की प्रतियां समस्त संबंधित राजकीय विभागों एवं विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों को भेजी जाएंगी। इसको विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा, ताकि अन्य विश्वविद्यालयों इत्यादि के लोग भी इसका लाभ उठा सकें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण, पंजाब केसरी

दिनांक 3.5.2019 पृष्ठ सं. 19, 3 कॉलम 1-2, 7-8

## एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने लेखा संहिता का किया विमोचन



कुलपति प्रो. केपी सिंह लेखा संहिता का विमोचन करते हुए।

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने वीरवार विवि के अकाउंट कोड (लेखा संहिता) खंड-एक के पांचवें संस्करण का विमोचन किया। यह नया संस्करण 18 वर्ष बाद आवश्यक सुधार करके जारी किया गया है। पिछला संस्करण 2001 में प्रकाशित हुआ था। लेखा संहिता के नए संस्करण में अप्रैल 2018 तक जारी सभी संशोधनों को शामिल किया गया है। इसमें सभी प्रोफार्मा/फार्म (निदर्शन पत्र/प्रपत्र) का सरलीकरण एवं अद्यतन किया गया है। इसमें आवश्यकतानुसार कई नए अध्याय जैसे कि जीएसटी, एनपीएस इत्यादि सम्मिलित किए गए हैं। अन्य अध्यायों को भी सरकार के समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार सामयिक बनाया गया है। लेखा संहिता की समीक्षा, अद्यतन और संशोधन कार्य वित्त नियंत्रक डा. अतुल ढींगरा व उप वित्त नियंत्रक श्याम सुंदर शर्मा के पर्यवेक्षण में भूतपूर्व उप वित्त नियंत्रक डीएस गुप्ता ने किया है। इसके संकलन में शोभित कपूर, आरएस सैनी व नीलम का भी योगदान रहा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने लेखा संहिता को वर्तमान स्वरूप देने के लिए इन सभी अधिकारियों की प्रशंसा की। (जास)

## कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने किया लेखा संहिता का विमोचन

हिसार, 2 मई (ब्यूरो): एच.ए.यू. के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने वीरवार को विश्वविद्यालय के अकाउंट कोड (लेखा संहिता) खंड-एक के 5वें संस्करण का विमोचन किया। यह नया संस्करण 18 वर्ष बाद आवश्यक सुधार करके जारी किया गया है। पिछला संस्करण 2001 में प्रकाशित हुआ था। लेखा संहिता के नए संस्करण में अप्रैल 2018 तक जारी सभी संशोधनों को शामिल किया गया है। इसमें सभी प्रोफार्मा/फार्म (निदर्शन पत्र/प्रपत्र) का सरलीकरण एवं अद्यतन किया गया है और इसमें आवश्यकतानुसार कई नए अध्याय जैसे कि जी.एस.टी., एन.पी.एस. इत्यादि सम्मिलित किए गए हैं। अन्य अध्यायों को भी सरकार के समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार सामयिक बनाया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........ नभ छोर ........
दिनांक 2.5.2019 पृष्ठ सं. 2 ........ कॉलम 6-8 ........

# कुलपति ने किया अकाउंट कोड खंड एक के संस्करण का विमोचन



हिसार/02 मई/रिपोर्टर
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने आज विश्वविद्यालय के अकाउंट कोड (लेखा संहिता) खण्ड-एक के संस्करण का विमोचन किया। यह नया संस्करण 18 वर्ष बाद आवश्यक सुधार करके जारी किया गया है। पिछला संस्करण 2001 में प्रकाशित हुआ था। लेखा संहिता के नए संस्करण में अप्रैल 2018 तक जारी सभी संशोधनों को शामिल किया गया है। इसमें सभी प्रोफ़ार्मा/ फॉर्म (निदर्शन पत्र/ प्रपत्र) का सरलीकरण एवं अद्यतन किया गया है और इसमें आवश्यकतानुसार कई नए अध्याय जैसे कि जीएसटी, एनपीएस इत्यादि सम्मिलित किए गए हैं। अन्य अध्यायों को भी सरकार के समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार सामयिक बनाया गया है। लेखा संहिता की समीक्षा, अद्यतन और संशोधन कार्य वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा व उप वित्त नियंत्रक श्याम सुंदर शर्मा के पर्यवेक्षण में भूतपूर्व उप वित्त नियंत्रक डीएस गुप्ता ने किया है। इसके संकलन में शोभित कपूर, आरएस सैनी व नीलम का भी योगदान रहा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने लेखा संहिता को वर्तमान स्वरूप देने के लिए इन सभी अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा लेखा संहिता का संशोधित संस्करण सभी विभागों की वर्तमान आवश्यकताओं और कार्यों को पूरा करता है और यह इन विभागों की कार्य कुशलता बढ़ाने में बहुत सार्थक साबित होगा। यह सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और शिक्षकों के ज्ञान में भी इजाफा करेगा और विभागीय लेखा परीक्षा के लिए एक संदर्भ पुस्तक के रूप में उपयोगी होगा। वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने बताया कि लेखा संहिता खण्ड-एक के नए संस्करण की प्रतियां समस्त संबंधित राजकीय विभागों एवं विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों को भेजी जाएंगी। इसको विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा ताकि अन्य विश्वविद्यालयों इत्यादि के लोग भी इसका लाभ उठा सकें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........सिटी पल्स........

दिनांक 2.5.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-8...

हकृवि | लेखा संहिता विभागों की कार्य कुशलता बढ़ाने में होगा सार्थक

# कुलपति प्रो. केपी सिंह ने किया लेखा संहिता का विमोचन

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने आज विश्वविद्यालय के अकाउंट कोड (लेखा संहिता) खण्ड-एक के 5वें संस्करण का विमोचन किया। यह नया संस्करण 18 वर्ष बाद आवश्यक सुधार करके जारी किया गया है। पिछला संस्करण 2001 में प्रकाशित हुआ था।

लेखा संहिता की समीक्षा, अद्यतन और संशोधन कार्य वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा व उप वित्त नियंत्रक श्री श्याम सुंदर शर्मा के पर्यवेक्षण में भूतपूर्व उप वित्त नियंत्रक डीएस गुप्ता ने किया है। इसके संकलन में श्री शोभित कपूर, आरएस सैनी व नीलम का भी योगदान रहा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने लेखा संहिता को वर्तमान स्वरूप देने के लिए इन सभी अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा लेखा संहिता का संशोधित संस्करण सभी विभागों की वर्तमान आवश्यकताओं और कार्यों को पूरा करता है और यह इन विभागों की कार्य कुशलता बढ़ाने में बहुत सार्थक साबित होगा। यह सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और शिक्षकों के ज्ञान में भी इजाफा करेगा और विभागीय लेखा परीक्षा के लिए एक संदर्भ पुस्तक के रूप में उपयोगी होगा।

वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने बताया कि लेखा संहिता खण्ड-एक के नए संस्करण की प्रतियां समस्त संबंधित राजकीय विभागों एवं विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों को भेजी जाएंगी। इसको विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा ताकि अन्य विश्वविद्यालयों इत्यादि के लोग भी इसका लाभ उठा सकें।



हिसार। कुलपति प्रो. केपी सिंह लेखा संहिता का विमोचन करते हुए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....नित्य शक्ति टाइम्स....

दिनांक 2.5.2019... पृष्ठ सं. ....6..... कॉलम 1-2.........

# कुलपति प्रो. केपी सिंह ने किया लेखा संहिता का विमोचन

हिसार, 2 मई (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने आज विश्वविद्यालय के अकाउंट कोड (लेखा संहिता) खंड-एक के 5वें संस्करण का विमोचन किया। यह नया संस्करण 18 वर्ष बाद आवश्यक सुधार करके जारी किया गया है। पिछला संस्करण 2001 में प्रकाशित हुआ था। लेखा संहिता के नए संस्करण में अप्रैल 2018 तक जारी सभी संशोधनों को शामिल किया गया है। इसमें सभी प्रोफार्मा/फार्म (निदर्शन पत्र/प्रपत्र) का सरलीकरण एवं अद्यतन किया गया है और इसमें आवश्यकतानुसार कई नए अध्याय जैसे कि जीएसटी, एनपीएस इत्यादि सम्मिलित किए गए हैं। अन्य अध्यायों को भी सरकार के समय-समय पर जारी निर्देषों के अनुसार सामयिक बनाया गया है। लेखा संहिता की समीक्षा, अद्यतन और संशोधन कार्य वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा व उप वित्त नियंत्रक श्री श्याम सुंदर शर्मा के पर्यवेक्षण में भूतपूर्व उप वित्त नियंत्रक श्री डी.एस. गुप्ता ने किया है। इसके संकलन में श्री शोभित कपूर, श्री आर.एस. सैनी व श्रीमती नीलम का भी योगदान रहा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने लेखा संहिता को वर्तमान स्वरूप देने के लिए इन सभी अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा लेखा संहिता का संशेधित संस्करण सभी विभागों की वर्तमान आवश्यकताओं और कार्यों को पूरा करता है और यह इन विभागों की कार्य कुशलता बढ़ाने में बहुत सार्थक साबित होगा।

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........
दिनांक 3.5.2019 पृष्ठ सं. ...5... कॉलम ...7-8...

# एचएयू कुलपति ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित



कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ एचएयू के सेवानिवृत्त कर्मचारी। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम, चार माह में 66 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वीरवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने जनवरी से अप्रैल माह के दौरान सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि वे अपने को व्यस्त रखकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर उसके विकास में सकारात्मक योगदान दें।

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने कहा कि इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। इससे पूर्व कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज ने विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने को कहा। कार्यक्रम में उप-वित्त नियंत्रक एसएस शर्मा ने मिलने वाले सभी सेवानिवृत्ति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कुलपति के विशेष कार्य अधिकारी डॉ. एमके गर्ग और मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. एमएस सिद्धपुरिया भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय से गत चार माह में कुल 18 शिक्षक/वैज्ञानिक और 48 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शिक्षकों, वैज्ञानिकों में डॉ. राजबाला ग्रेवाल, डॉ. रामसिंह, डॉ. समर सिंह, डॉ. आरएस ताया, डॉ. एनपी गिरी, डॉ. डीपी नांदल, डॉ. एके सरियल, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. एमएल बंसल, डॉ. आरएस जागलान, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. रण सिंह, डॉ. आरसी पुनिया, डॉ. आरएस मलिक, डॉ. हरिओम, डॉ. एमएस भाटो और डॉ. सुधा छिक्कारा शामिल हैं। गैर शिक्षक कर्मचारियों में आरएस सैनी, धर्मपाल तंवर, रमेश कुमार, मनोहर लाल, नानक चंद, नीलम धवन, पूर्णसिंह, रणबीर सिंह, वेद प्रकाश, धर्मपाल, बलराज सिंह, उमेद सिंह, डब्बल सिंह, हुकम चंद, अजय पाल, शेर सिंह, बीर सिंह, रामकुमार, राज सिंह, जगदीश चंद्र, हरिराम, सहदेव, महिपाल, छिंदर, ओमप्रकाश, कुलदीप सिंह राणा, हरीश चंद्र, बलबीर सिंह, समय सिंह, इंद्र सिंह, राममेहर सिंह, महेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, सोनी, तरवंती, राधेश्याम, प्रोमिला मुंजाल, चंद्रभान, सतबीर सिंह, चमन सिंह, मालाराम, साहीराम, राजेंद्र सिंह, रामचंद्र, शेषनाथ, रघुबीर सिंह, बृज राम और रामरख शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........
दिनांक 3.5.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...3-5...

### एचएयू में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित, सम्मानित भी किया

# चार माह में 18 वैज्ञानिक और 48 कर्मचारी सेवानिवृत्त

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गत चार माह में कुल 18 वैज्ञानिक तथा 48 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। शुक्रवार को सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में वीसी प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने जनवरी से अप्रैल माह दौरान सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को सम्मानित किया। वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा व उप वित्त नियंत्रक डॉ. एसएस शर्मा ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को उनके लाभ बताए। इस दौरान मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. एमएस सिद्धपुरिया भी उपस्थित रहे।



सेवानिवृत्त हुए वैज्ञानिकों व गैरशिक्षक कर्मचारियों के साथ कुलपति प्रो केपी सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज आदि।

## जानिए कौन से शिक्षक, वैज्ञानिक और कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

डॉ. राजबाला ग्रेवाल, डॉ. रामसिंह, डॉ. समर सिंह, डॉ. आरएस ताया, डॉ. एनपी गिरी, डॉ. डीपी नांदल, डॉ. एके सरियल, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. एमएल बंसल, डॉ. आरएस जागलान, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. रणसिंह, डॉ. आरसी पूनिया, डॉ. आरएस मलिक, डॉ. हरि ओम, डॉ. एमएस भाटो और डॉ. सुधा छिक्कारा। आरएस सैनी, धर्मपाल तंवर, रमेश कुमार, मनोहर लाल, नानक चन्द, नीलम धवन, पूर्णसिंह, रणवीर सिंह, वेद प्रकाश, धर्मपाल, बलराज सिंह, उमेद सिंह, डब्बल सिंह, हुकम चन्द, अजय पाल, शेर सिंह, बीर सिंह, रामकुमार, राज सिंह, जगदीश चन्द्र, हरि राम, सहदेव, महिपाल, छिन्दर, ओम प्रकाश, कुलदीप सिंह राणा, हरीश चन्द्र, बलबीर सिंह, समय सिंह, इन्द्र सिंह, राम मेहर सिंह, महेन्द्र सिंह, बलबीर सिंह, सोनी, तरवंती, राधे श्याम, प्रोमिला मुंजाल, चन्द्रभान, सतबीर सिंह, चमन सिंह, माला राम, साही राम आदि शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नभ: छोर......

दिनांक 2.5.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...2-4...

# हकृवि में कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित



हिसार/02 मई/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने जनवरी से अप्रैल माह दौरान सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वे अपने को सेवानिवृत न समझें बल्कि अपने को व्यस्त रखकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने कहा उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर सके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय से गत चार माह में कुल 18 शिक्षक/वैज्ञानिक तथा 48 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डॉ. राजबाला ग्रेवाल, डॉ. रामसिंह, डॉ. समर सिंह, डॉ. आरएस ताया, डॉ. एनपी गिरी, डॉ. डीपी नांदल, डॉ. एके सरियल, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. एमएल बंसल, डॉ. आरएस जागलान, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. रणसिंह, डॉ. आरसी पुनिया, डॉ. आरएस मलिक, डॉ. हरि ओम, डॉ. एमएस भाटो और डॉ. सुधा छिक्कारा जबकि गैर शिक्षक कर्मचारियों में आरएस सैनी, धर्मपाल तंवर, रमेश कुमार, मनोहर लाल, नानक चन्द, नीलम धवन, पूर्णसिंह, रणवीर सिंह, वेद प्रकाश, धर्मपाल, बलराज सिंह, उमेद सिंह, डब्बल सिंह, हुकम चन्द, अजय पाल, शेर सिंह, बीर सिंह, रामकुमार, राज सिंह, जगदीश चन्द्र, हरि राम, सहदेव, महिपाल, छिन्दर, ओम प्रकाश, कुलदीप सिंह राणा, हरीश चन्द्र, बलबीर सिंह, समय सिंह, इन्द्र सिंह, राम मेहर सिंह, महेन्द्र सिंह, बलबीर सिंह, सोनी, तरवंती, राधे श्याम, प्रोमिला मुंजाल, चन्द्रभान, सतबीर सिंह, चमन सिंह, माला राम, साही राम, राजेन्द्र सिंह, राम चन्द्र, शेषनाथ, रघुबीर सिंह, बृज राम और रामरख शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम सिटी पल्स
दिनांक 2.5.2017 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 7-8

# हकृवि के कुलपति ने सेवानिवृत कर्मचारियों को किया सम्मानित



हिसार। कुलपति प्रो. केपी सिंह सेवानिवृतों को सम्मानित करते हुए।

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने जनवरी से अप्रैल माह केक दौरान सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। उन्होंने कहा उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर सके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। इससे पूर्व कुलसचिव डॉ. बीआर कम्बोज ने सेवानिवृत कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।

## ये कर्मचारी हुए सम्मानित

विश्वविद्यालय से पिछले चार माह में कुल 18 शिक्षक/वैज्ञानिक तथा 48 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डॉ. राजबाला ग्रेवाल, डॉ. रामसिंह, डॉ. समर सिंह, डॉ. आरएस ताया, डॉ. एनपी गिरी, डॉ. डीपी नांदल, डॉ. एके सरियल, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. एमएल बंसल, डॉ. आरएस जागलान, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. रणसिंह, डॉ. आरसी पूनिया, डॉ. आरएस मलिक, डॉ. हरि ओम, डॉ. एमएस भाटो और डॉ. सुधा छिक्कारा जबकि गैर शिक्षक कर्मचारियों में आरएस सैनी, धर्मपाल तंवर, रमेश कुमार, मनोहर लाल, नानक चन्द, नीलम धवन, पूर्णसिंह, रणवीर सिंह, वेद प्रकाश, धर्मपाल, बलराज सिंह, उमेद सिंह, डब्बल सिंह, हुकम चन्द, अजय पाल, शेर सिंह, बीर सिंह, रामकुमार, राज सिंह, जगदीश चंद्र, हरि राम, सहदेव, महिपाल, छिन्दर, ओम प्रकाश, कुलदीप सिंह राणा, हरीश चन्द, बलबीर सिंह, समय सिंह, इन्द्र सिंह, राम मेहर सिंह, महेन्द्र सिंह, बलबीर सिंह, सोनी, तरवंती, राधे श्याम, प्रोमिला मुंजाल, चन्द्रभान, सतबीर सिंह, चमन सिंह, माला राम, साही राम, राजेन्द्र सिंह, राम चन्द्र, शेषनाथ, रघुबीर सिंह, बृज राम और रामरख शामिल है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी, दैनिक भास्कर
दिनांक ..3..5..2012 पृष्ठ सं. ...3,...6 कॉलम ...5-7,...1-2

# परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित प्रशिक्षण संपन्न



प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र देते मुख्यातिथि।

हिसार, 2 मई (ब्यूरो): एच.ए.यू. में इस साल होने वाली यू.जी.सी. व सी.एस.आई.आर. नैट परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। 2 सप्ताह अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत स्टूडैंट्स सैंटर फॉर करियर एक्सीलैंस द्वारा किया गया था। इस परीक्षा का आयोजन यू.जी.सी. व सी.एस.आई.आर. नई दिल्ली द्वारा छात्रों की जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जे.आर.एफ.) या लैक्चरशिप (एल.एस.) के लिए योग्यता की जांच के लिए करती है। इस वर्ष यह परीक्षा जून महीने के लिए निर्धारित की गई है। समापन पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में एच.ए.यू. के बेसिक साइंस कालेज के डीन डा. राजबीर सिंह मुख्यातिथि थे जबकि अध्यक्षता छात्र कल्याण निदेशक डा. डी.एस. दहिया ने की। मुख्यातिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# यूजीसी और सीएसआईआर नेट परीक्षा को क्रेक करने को एचएयू दे रहा ट्रेनिंग

## सेंटर फॉर कॅरिअर एक्सेलेंस की तरफ से दिया जाएगा दो हफ्ते का प्रशिक्षण

**हिसार |** एचएयू में जून महीने में यूजीसी व सीएसआईआर- नेट परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इस परीक्षा का आयोजन यूजीसी व सीएसआईआर, नई दिल्ली द्वारा छात्रों की जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) या लेक्चरशिप (एल एस) योग्यता की जांच के लिए आयोजित की जाती हैं। इसको लेकर एचएयू में परीक्षा की तैयारी के लिए छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। छात्र कल्याण निदेशालय ने दो सप्ताह अवधि के प्रशिक्षण को स्टूडेंट्स सेंटर फॉर करियर एक्सेलेंस द्वारा किया गया।

### एक्सपर्ट ने दिए टिप्स

प्रशिक्षण के समापन पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कॉलेज के डीन डॉ. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने की।

मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने छात्रों को परीक्षा को क्रेक करने के टिप्स भी दिए। स्टूडेंट्स सेंटर फॉर करियर एक्सेलेंस के प्रभारी अधिकारी डॉ. आरके ननवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बेसिक साइंस कॉलेज और होम साइंस कॉलेज के विद्यार्थी शामिल थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........
दिनांक 3.5.2019 पृष्ठ सं. ....5.... कॉलम 1-3

# प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र बांटे

## एचएयू में यूजीसी व सीएसआई आर-नेट परीक्षा की तैयारी के लिए लगाया शिविर संपन्न

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इस साल होने वाली यूजीसी व सीएसआईआर नेट परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण शिविर वीरवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कॉलेज के डीन डॉ. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए।

मुख्य अतिथि डॉ. राजबीर सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नेट की परीक्षा की तैयारी सरल तरीके से कराना था। परीक्षा से विद्यार्थियों की योग्यता की जांच की जाती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को यही जानकारी दी गई कि वे अपने योग्यता को कैसे सिद्ध कर सकते हैं और जिस कला में वे निपुण हैं, उसको कैसे आगे लाकर अपनी योग्यता को साबित कर सकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभ मिलेगा। दो सप्ताह तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत स्टूडेंट्स सेंटर फॉर करियर एक्सीलेंस द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा का आयोजन यूजीसी व सीएसआईआर नई दिल्ली द्वारा छात्रों की जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) या लेक्चरशिप (एलएस) के लिए योग्यता की जांच के लिए किया जाता है। इस वर्ष यह परीक्षा जून महीने में आयोजित की जाएगी।



एचएयू में प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि।

इस मौके पर स्टूडेंट्स सेंटर फॉर करियर एक्सीलेंस के प्रभारी अधिकारी डॉ. आरके ननवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में भाग लेने वालो में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कॉलेज और होम साइंस कॉलेज के विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम में अतिरिक्त छात्र कल्याण निदेशक (काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट) और समाजशास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम हरि भूमि, दैनिक जागरण

दिनांक 3-5-2019 पृष्ठ सं. 2, 6, 1, 1 कॉलम 1, 6-8



### यूजीसी व सीएसआई नेट का प्रशिक्षण संपन्न

हिसार। हकृवि में इस साल होने वाली यूजीसी व सीएसआई आर-नेट परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दो सप्ताह अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत स्टूडेन्ट्स सैंटर फॉर करियर एक्सेलेंस द्वारा किया गया था। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा का आयोजन यूजीसी व सीएसआईआर, नई दिल्ली द्वारा छात्रों की जूनियर रिसर्च फेलोशिप या लेक्चरशिप के लिए योग्यता की जांच के लिए करती है। इस वर्ष यह परीक्षा जून महीने के लिए निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण के समापन पर आयोजित किये गये कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक सांइस कालेज के डीन डॉ. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने की। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में अतिरिक्त छात्र कल्याण निदेशक और सोशियोलोजी के सहायक प्रध्यापक डॉ. सुभाष उपस्थित रहे।

### एचएयू में नेट की परीक्षा के लिए प्रशिक्षण हुआ संपन्न

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि में इस साल होने वाली यूजीसी व सीएसआइआर- नेट परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दो सप्ताह अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत स्टूडेंट्स सेंटर फॉर करियर एक्सेलेंस द्वारा किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस परीक्षा का आयोजन यूजीसी व सीएसआईआर, नई दिल्ली द्वारा छात्रों की जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) या लेक्कचरशिप (एलएस) के लिए योग्यता की जांच के लिए करती है। इस वर्ष यह परीक्षा जून महीने में निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में एचएयू के बेसिक सांइस कालेज के डीन डा. राजबीर सिंह मुख्यातिथि रहे। इस मौके पर स्टूडेंट्स सेंटर फॉर करियर एक्सेलैंस के प्रभारी अधिकारी डा. आरके ननवाल ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने वालों में एचएयू के बेसिक साइंस कालेज और होम साइंस कालेज के विद्यार्थी शामिल थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नभ छोर......

दिनांक 9.5.2019 पृष्ठ सं. ....6..... कॉलम 1-2

# नेट परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित प्रशिक्षण संपन्न



हिसार/02 मई/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इस साल होने वाली यूजीसी व सीएसआईआर-नेट परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दो सप्ताह अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत स्टूडेन्ट्स सैंटर फॉर करियर एक्सेलैंस द्वारा किया गया था। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा का आयोजन यू जी सी व सी एस आई आर, नई दिल्ली द्वारा विद्यार्थियों की जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) या लेक्चरशिप (एलएस) के लिए योग्यता की जांच के लिए करती है। इस वर्ष यह परीक्षा जून महीने के लिए निर्धारित की गई है। उपरोक्त प्रशिक्षण के समापन पर आयोजित किये गये कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक सांइस कालेज के डीन डॉ. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने की। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये। इस मौके पर स्टूडेन्ट्स सैंटर फॉर करियर एक्सीलैंस के प्रभारी अधिकारी डॉ. आरके ननवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में भाग लेने वालों में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक सांइस कॉलेज और होम सांइस कॉलेज के विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम में अतिरिक्त छात्र कल्याण निदेशक (काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट) और सोशियोलॉजी के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......सिटी पल्स......
दिनांक 2.5.2017 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...1-3...

# हकृवि में यूजीसी व सीएसआई आर-नेट परीक्षा की तैयारी के लिए प्रशिक्षण संपन्न

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इस साल होने वाली यूजीसी व सीएसआई आर-नेट परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दो सप्ताह अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत स्टूडेन्ट्स सैंटर फॉर करियर एक्सेलेंस द्वारा किया गया था।

उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा का आयोजन यूजीसी व सीएसआईआर, नई दिल्ली द्वारा छात्रों की जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) या लेक्चरशिप (एलएस) के लिए योग्यता की जांच के लिए करती है। इस वर्ष यह परीक्षा जून महीने के लिए निर्धारित की गई है।

उपरोक्त प्रशिक्षण के समापन पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक सांइस कालेज के डीन डॉ. राजवीर सिंह मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने की। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये। इस मौके पर स्टूडेन्ट्स सैंटर फॉर करियर एक्सेलेंस के प्रभारी अधिकारी डॉ. आरके ननवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में भाग लेने वालो में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक सांइस कॉलेज और होम सांइस कालेज के विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम में अतिरिक्त छात्र कल्याण निदेशक (काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंट) और सोशियोलोजी के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष भी उपस्थित रहे।



*हिसार। मुख्य अतिथि प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र देते हुए।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम: दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर

दिनांक: 3-5-2019 पृष्ठ सं. 19, 2 कॉलम 1-2, 1-2

## ग्रीन हाउस प्रबंधन पर दस दिवसीय कार्यशाला शुरू



कृषि विश्वविद्यालय में शुरू हुए कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्र।

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बागवानी फसलों के ग्रीन हाउस प्रबंधन विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया ने इस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण के संयोजक डा. अरविंद मलिक ने बताया कि यह प्रशिक्षण छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई के सहयोग से आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में विवि के विभिन्न विभागों के 25 स्नातकोत्तर छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए उन्हें जीबी पंत कृषि विवि पंतनगर सहित कुछ अन्य शोध केंद्रों के भ्रमण के लिए ले जाएगा। (जास)

बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## एचएयू में ग्रीन हाउस प्रबंधन पर प्रशिक्षण शुरू

हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बागवानी फसलों के ग्रीन हाऊस प्रबंधन विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने इस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि यह प्रशिक्षण छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिं एंड प्लेसमेंट इकाई के सहयोग स आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 25 स्नातकोत्तर के छात्र भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए उन्हें जीबी पंत कृषि विवि, पंतनगर सहित कुछ अन्य शोध केन्द्रों के भ्रमण के लिए ले जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नभ छोर........

दिनांक 2.5.2017 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...1-2...

# ग्रीन हाऊस प्रबंधन पर दस दिवसीय प्रशिक्षण



हिसार/02 मई/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बागवानी फसलों के ग्रीन हाऊस प्रबंधन विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण का कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि यह प्रशिक्षण छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिंग एण्ड प्लेसमैंट इकाई के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 25 स्नातकोत्तर छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए उन्हे जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर सहित कुछ अन्य शोध केन्द्रों के भ्रमण के लिए ले जाया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......सिटी पल्स......

दिनांक 2.5.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-4

# हरियाणा कृषि विवि में बागवानी फसलों के ग्रीन हाऊस प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण शुरू

## विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 25 विद्यार्थी ले रहें भाग

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बागवानी फसलों के ग्रीन हाउस प्रबंधन विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने इस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि यह प्रशिक्षण छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंट इकाई के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 25 स्नातकोत्तर छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए उन्हें जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर सहित कुछ अन्य शोध केन्द्रों के भ्रमण के लिए ले जाएगा।



हिसार। प्रशिक्षणार्थी छात्र डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया के साथ।